प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

30.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

निर्मला सीतारमण

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का उल्लेख करते हुए कहा है कि रुपये का मूल्य बाजार से प्रेरित है और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के व्यापक आर्थिक आधारभूत तत्व मजबूत बने हुए हैं। लोकसभा में आज वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के आधारभूत संकेतक मजबूत हैं। ...सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण दुनियाभर की मुद्राओं में अस्थिरता देखी जा रही है। उन्होंने प्रमुख आर्थिक संकेतकों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुद्रास्फीति कम हो गई है, जी.डी.पी. वृद्धि दर 7 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है और चालू खाता घाटा एक प्रतिशत से कम है। केंदीय वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता दुनिया भर की मुद्राओं को प्रभावित कर रही है और विनिमय दर के दबाव का सामना करने वाला भारत अकेला देश नहीं है।

....

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई में 5 करोड़ 36 लाख की राशि से बनने वाले विकास खंड अधिकारी कार्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरिक्षण किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस भवन के बनने से विकास खंड कोटखाई में कार्यरत कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी और विकास कार्यों को अधिक गति मिलेगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में ये कार्य एक मील का पत्थर साबित होगा। रोहित ठाकुर ने इस भवन के निर्माण से जुड़े सभी अधिकारियों व निर्माणकर्ताओं को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।

....

जनगणना

जनगणना 2027 पहली अप्रैल से शुरू होगी। ये स्वतंत्रता के बाद की आठवीं और इस श्रृखंला की 16वीं जनगणना होगी। आज नई दिल्लीं में एक संवाददाता सम्मेलन में महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसका संचालन अलग–अलग होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा स्व–गणना पूरी होने के बाद, 30 सितंबर तक 30 दिनों की अवधि में घरों की सूची तैयार की जाएगी।

मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि स्व–गणना पोर्टल 16 भाषाओं में उपलब्ध होगा। पहले प्रश्न पहले ही अधिसूचित किए जा चुके हैं और दूसरे चरण के प्रश्न उचित समय पर प्रकाशित किए जाएंगे।

इंदू बाला गोस्वामी

केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया है कि 31 दिसम्बर 2025 तक कांगड़ा जिला में एक लाख 4 हजार 2 सौ 12 किसानों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से खेती और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण लिया गया है। राज्यसभा सांसद इंदू बाला गोस्वामी के सवाल के जवाब में आज संसद में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अब तक कांगड़ा जिला में एक हजार 2 सौ 41 करोड़ रूपए का ऋण लिया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कृषि क्षेत्र के लिए 3 लाख और पशु पालन, डेयरी और मछली पालन के लिए 2 लाख तक के अल्पकालीन ऋण पर ब्याज पर अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेने के कोई ऊपरी सीमा तय नहीं की गई है।

पैंशनर

प्रदेश पेंशनरज संयुक्त संघर्ष समिति ने सुक्खू सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और अपनी विभिन्न लंबित वित्तीय देनदारीयो को अदा ना करने के विरोध में आज चौड़ा मैदान में धरना प्रदर्शन किया। पेंशनरों ने कहा कि सुक्खू सरकार ने पिछले एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेनानिवृत हुए पेंशनरों के साथ सौतेला व्यवहार कर ग्रेच्यूटी और लीव इनकेशमेट नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 13 प्रतिशत डीए, 44 महीने का एरियर और चिकित्सा बिलों की अदायगी भी अभी तक नहीं की गई है। पैंशनरों ने कहा कि अगर समय रहते उनके हक नहीं दिए गए तो वे सुक्खू सरकार खिलाफ आंदोलन तेज कर देंगे।